डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 19 | अंक 137 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 02 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया




## दो दिन से लापता युवक का शव शिवना में मिला

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दो दिन से लापता एक युवक का शव शिवना नदी में मिला है। शनिवार दोपहर कोतवाली थाना क्षेत्र के कालाभाटा डेम में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों ने नदी में तैरते शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने डेम से शव को निकालकर पहचान की गई। मृतक की पहचान मंदसौर के बादरी फार्म निवासी तरुण चौधरी पिता रविंद्र चौधरी के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार तरुण 27 फरवरी से लापता था। परिजनों ने कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिवार के सदस्य उसकी तलाश कर रहे थे। पुलिस ने बड़े अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक सभी पहलुओं पर छानबीन की जा रही है।

## खड़ावदा स्कूल में चोरी के आरोप में चार नाबालिग गिरफ्तार

**गरोठ, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** खड़ावदा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा कक्ष में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने शनिवार को खुलासा किया है। बताया गया है कि शुक्रवार- शनिवार रात अज्ञात चोरों ने परीक्षा विभाग के कक्ष की खिड़की का वेंटिलेशन तोड़कर चोरी को अंजाम दिया था। चोरों ने कम्प्यूटर, मॉनिटर, कीबोर्ड और माउस के साथ 9वीं और 11वीं कक्षा की मूल्यांकन उत्तर पुस्तिकाएं चुरा ली। मामले में गरोठ थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

थाना प्रभारी मनोज महाजन ने बताया कि चार नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर कार्रवाई जारी है। इस मामले में कुल छह आरोपी थे। पुलिस ने सभी को पूछताछ के लिए पकड़ा था। लेकिन, किसी कारण से दो आरोपियों को छोड़ दिया गया। जांच में पता चला कि आरोपी बच्चों ने कुछ उत्तर पुस्तिकाएं कुएं में फेंक दी थी। कुछ कॉपियां उनके घरों से भी बरामद हुई है।

## टेंकर की टक्कर से घायल युवक की मौत

**नीमच, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सिटी थाना क्षेत्र के मालखेड़ा चौराहे पर शुक्रवार शाम हुए सड़क हादसे में घायल सुनील ओढ़ की उपचार के दौरान मौत हो गई।

बर्डिया जागीर के रहने वाले सुनील ओढ अपनी स्कूटी से शुक्रवार शाम रोड क्रॉस कर रहे थे। इसी दौरान राजस्थान के निम्बाहेड़ा की तरफ से आ रहे टेंकर ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में सुनील के दोनों पैरों पर से टेंकर गुजर गया। वह टेंकर के नीचे फंस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने टैंकर को सरका कर सुनील को बाहर निकाला। एंबुलेंस से उन्हें तुरंत बड़े अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए सुनील को उदयपुर रेफर कर दिया गया। शनिवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिवार के लिए यह दोहरा झटका है। कुछ दिन पहले ही बीमारी के कारण सुनील के भाई की भी मौत हुई थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# जनसंख्या नियंत्रण का पाठ

## पुरुषों के समझ से परे, महिलाओं से बहुत कम योगदान, हर साल सिर्फ 30 पुरुष करा रहे नसबंदी



**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जनसंख्या नियंत्रण कानून, जनसंख्या कंट्रोल, जनसंख्या बढ़ रही है.. जैसे मुद्दों पर चर्चा चाय या पान की दुकान पर अक्सर सुनी जा सकती है। सरकार ने इसको लेकर अभियान भी चलाया। लेकिन, महिलाओं में कहीं न कहीं जागरुकता आ रही है। किन्तु, पुरुषों का जनसंख्या नियंत्रण पर योगदान न के बराबर ही है। औसत हर साल की बात करें तो महज 30 पुरुष नसबंदी करा रहे हैं। जबकि, महिलाओं की बात करें तो हर माह औसत 04 हजार से ज्यादा महिला नसबंदी होती है। कहीं न कहीं यहां पुरुषो में जागरुकता की कमी नजर आ रही है।

जनसंख्या नियंत्रण को लेकर सरकार कई अभियान चला रही है। लेकिन, किन-किन लोगों को इसमें भागीदारी करना है। उसको लेकर स्वास्थ्य विभाग का अमला बेहतर तरीके से काम नहीं कर रहा है। जिसका उदाहरण परिवार नियोजन में नसबंदी ऑपरेशन के आंकड़े बंया कर रहे है। पिछले पांच साल के आंकड़ों पर नजर डाले तो सामने आता है कि केवल 152 पुरुषों ने ही ऑपरेशन करवाए हैं। वहीं महिलाओं की संख्या पुरुषों की संख्या से कई गुना अधिक है। जब स्वास्थ्य अधिकारियों से इसको लेकर पूछा तो उन्होंने जागरूकता की कमी इसका सबसे बड़ा कारण बताया, जबकि इसमें स्वास्थ्य विभाग की ही जिम्मेदारी है।

### आंकड़े बयां कर रहे जागरुकता का अभाव...

2020-21 से लेकर 2024-25 तक परिवार नियोजन के आंकड़े देखे तो 2020-21 में पुरुष नसबंदी केवल तीन, इसी प्रकार 2021-22 में 49, 2022-23 में 73, 2023-24 में 19 और 2024-25 में केवल 09 नसबंदी ऑपरेशन हुए है। इसी प्रकार महिलाओं की संख्या देखे तो पांच साल में 21 हजार 503 है। इनका प्रतिवर्ष का औसतन निकाले तो 4 हजार 300 महिलाएं हर साल परिवार नियोजन में अपना बेहतर योगदान दे रही है।

### कागजों में अभियान, धरातल पर नहीं...

परिवार नियोजन एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। जिसके तहत एक मद भी स्वास्थ्य विभाग को मिलता है। जिसमें उनको इस कार्यक्रम को लेकर जागरुक करना होता है। लेकिन, इन आंकड़ों से ही साफ नजर आ रहा है कि केवल कागजों में ही विभाग आमजन को जागरुक कर रहा है। सीएमएचओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार महिला को नसबंदी ऑपरेशन करवाने के 2000 रुपए, प्रसव के एक सप्ताह के भीतर ऑपरेशन करवाने के 3 हजार रुपए और पुरुषों को 3 हजार रूपए दिए जाते है।

### पुरुष नसबंदी अधिक सुरक्षित...

जानकारों की माने तो महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों की नसबंदी अधिक सुरक्षित रहती है। मर्दाना ताकत कम होने की भ्रांति से पुरुष नसबंदी कम करवाते है। जबकि, यह मिथ्या है। इसके साथ ही इसका प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करना चाहिए। तब जाकर यह आंकड़े बढेगें। इसलिए विभाग को एक अभियान वृहद स्तर पर चलाना चाहिए। ताकि आमजन जागरुक हो।

### इनका कहना...

नसबंदी के मामले में पुरुष नसबंदी के आंकड़े महिला नसबंदी की अपेक्षा कम है। इसके लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

**गोविंदसिंह चौहान**
**सीएमएचओ मंदसौर**

# पुलिस वालों ने किया रतजगा

## कॉम्बिंग गश्त के दौरान 275 वारंटी पकड़े



**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात पुलिस वालों ने रतजगा किया। दरअसल कॉम्बिंग गश्त के चलते रातभर करीब पांच सौ पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने अपराधियों व आरोपियो को पकड़ने के लिए दबिशें दी। इस दौरान पुलिस ने करीब 275 वारंटियों को पकड़ा। इसके अलावा अवैध शराब भी जब्त की। वहीं गुंडे बदमाशों की चेकिंग भी की।

शुक्रवार-शनिवार की रात में पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कॉम्बिंग गश्त को अंजाम दिया। इसमें कुल 275 वारंटियों को धरदबोचा। इनमें 172 स्थायी वारंटी एवं 96 गिरफ्तारी वारंटियों को कॉम्बिंग गश्त के दौरान मंदसौर पुलिस द्वारा पकड़ा गया। कॉम्बिंग गश्त के दौरान मंदसौर पुलिस द्वारा 138 एनआई एक्ट के 46 वारंट, विद्युत अधिनियम के 91 वारंट एवं 35 अन्य अपराधों के वारंट भी तामिल करवाये गये। पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद द्वारा थाना दलौदा में आकस्मिक निरीक्षण कर थाने के रिकॉर्ड रजिस्टर चेक करते उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कॉम्बिंग गश्त की मॉनिटरिंग की गई।

कॉम्बिंग गश्त के दौरान मंदसौर पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की चेकिंग करते कुल 73 निगरानी बदमाशों को चेक किया एवं 73 गुंडा/बदमाशों, 02 माफीबंद बदमाशों को चेक करते कुल 146 निगरानी/गुंडा बदमाशों की चैकिंग की गई। इस दौरान मंदसौर जिला पुलिस के द्वारा अवैध शराब के कल 25 प्रकरणों में 25 आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से कुल 114.9 लीटर कुल कीमती 42 हजार 736 रू की अवैध शराब जप्त की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों समेत समस्त थानों की 50 गश्त पार्टियों में कुल 500 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा गश्त की कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

### पिपलिया मंडी पुलिस ने दबोचे इनामी बदमाश...

काम्बिंग गश्त के दौरान पिपलिया मंडी पुलिस ने 10 हजार रूपए के इनामी दो बदमाशो को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के कब्जे से धारदार तलवारे भी जप्त की गई है। पुलिस के मुताबिक बुरहानपुर एवं शाहपुर थाने के प्रकरणो में वर्ष 2018 से फरार 10 हजार रूपए के इनामी सजायाफ्ता गिरफ्तारी वारंटी मोहसीन पिता जाकिर धारी एवं मुख्तियार पिता शब्बीर निवासी बोतलगंज थाना पिपलिया मंडी को अवैध धारदार तलवार के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनो के विरूद्ध पिपलिया मंडी थाने में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनो को जैल भेज दिया गया।

## होली बाद बढ़ेगी तपन

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मार्च महीने की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने दस्तक दे दी है। अंचल में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है।

मौसम विभाग भोपाल की वरिष्ठवैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के अनुसार होली के बाद तापमान में और अधिक बढ़ोतरी होगी। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। विभाग ने मार्च से मई के बीच 15 से 20 दिनों तक हीट वेव की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है। 15 मार्च से गर्म हवाओं का प्रभाव महसूस होने लगेगा। अप्रैल-मई में हीट वेव का प्रभाव अधिक तीव्र हो सकता है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार मार्च में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बारिश की भी संभावना है। इस साल भी पश्चिमी विक्षोभ की गतिविधियां सामान्य रहने का अनुमान है।

## खम्भे से टकराया बाइक सवार, मौत



**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार रात मंदसौर शहर के श्री कोल्ड चौराहे पर एक बाइक सवार खम्भे में घुस गया। यह दुर्घटना इतनी खतरनाक थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का नाम बालमुकुंद डोम बताया जा रहा है जो कि इंदिरा कॉलोनी का निवासी है। बताया गया हैं कि मृतक किसी काम से बाजार गया था। वापस घर लौटते समय वह खम्भे से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की हैं।

## मारपीट के मामले में दोनों पक्षों पर क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया। जोगनी निवासी राधेश्याम पिता मोहनलाल मोगिया ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोसी पुष्कर मेरे बाड़े के पास पत्थर डालकर रास्ता बना रहा था, मैंने पत्थर डालने से मना किया। तो पुष्कर के साथ ही लीलाबाई व रेशमबाई भी आ गए। तीनों ने मिलकर गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज किया। इसी तरह लीलाबाई पति चतरमल बावरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राधेश्याम व उसके बेटे अरुण बाड़े के बाहर रास्ते में पत्थर डाल रहे थे, मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

# वसूली में पिछड़ रही नगर पालिका

## 16 अरब रुपए से अधिक की वसूली बाकी, लोगों को समझ नहीं आ रहा ऑन लाईन भुगतान



**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** हमेशा आर्थिक तंगी का रोना रोने वाली मंदसौर नगरपालिका वसूली में पिछड़ती दिख रही है। जबकि वित्तीय वर्ष खत्म होने में महज 29 दिन ही बाकी है। 31 दिसंबर तक की स्थिति में नपा की वसूली सिर्फ 42.60 प्रतिशत ही हो पाई है। चालू वर्ष में दो करोड़ 81 लाख 15 हजार 403 रुपए की राशि बकाया है। तो वहीं पिछले सालों की मिलाकर अब तक नपा की कुल बकाया राशि 16 अरब 11 करोड़ 41 लाख 330 रुपए है। इसमें से 07 अरब 26 करोड़ 7 लाख 16 हजार 9 रुपए की वसूली हुई है। कुल बकाया राशि में से वसूली का प्रतिशत सिर्फ 45.10 प्रतिशत है। वहीं वसूली की स्थिति देखें तो सबसे अच्छी स्थिति संपत्तिकर में है। इसमें 62 प्रतिशत से अधिक वसूली हो चुकी है। वहीं भवन भूमि विकास कर सिर्फ 31.81 तो जलकर सिर्फ 35 प्रतिशत के साथ वसूली में सबसे फिसड्डी है।

इधर ऑनलाइन भुगतान से आमजन ने दूरी बना रखी है। नपा ने कुछ समय पूर्व ऑनलाइन कर जमा कराने की व्यवस्था की थी। इसके लिए पूरा सिस्टम भी तैयार किया गया। लेकिन, शहरवासियों ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। चार साल से अधिक समय होने के बाद भी अब तक सिर्फ 5 से 10 प्रतिशत लोगों को ही ऑनलाइन सिस्टम पर भरोसा है। बाकी सब... **शेष पेज 3 पर**

### खजाना खाली, केवल नोटिस-नोटिस का खेल..!

वित्तीय वर्ष समाप्त होने को है और नपा का पूरा खजाना खाली है। ऐसे में अब नपा को राजस्व वसूली याद आ रही है। पूरे साल तो राजस्व वसूली पर फोकस किया नहीं और बचे हुए एक माह में शिविर लगाने से लेकर नोटिस देने की रस्म अदायगी की जा रही है। हालांकि, नपा की राजस्व वसूली का औसत देखे तो शतप्रतिशत वसूली कभी हुई नहीं है और फरवरी-मार्च में ही राजस्व वसूली अधिक होती है। 70 से 80 प्रतिशत राजस्व वसूली हर बार होती है। हर बार की तरह बड़े बकायादारों को नोटिस देने की औपारिकता भी पूरी की जा रही है। दुकानों से लेकर जलकर और नगरीय विकास से लेकर शिक्षा उपकर में बड़ी राशि की वसूली नपा के लिए चुनौती बनी हुई है।






## विचार-मंथन

# डरा नहीं रहे, सच बता रहे हैं सोनम वांगचुक



हिमालय की जलवायु को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर संघर्षरत पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का यह कहना अतिशयोक्ति बिल्कुल नहीं है कि हालात ऐसे ही रहे और ग्लेशियर पिघल गए तो 144 साल बाद अगला महाकुंभ रेत पर होगा. कहने का आशय यह है कि वहां कोई नदी होगी ही नहीं. वांगचुक की यह चेतावनी तथ्यों पर आधारित है. प्रयागराज स्थित संगम में मौजूद गंगा और यमुना के साथ गुप्त रूप से प्रवाहित सरस्वती नदी की कल्पना भी की जाती है. वैज्ञानिक मानते हैं कि कोई पांच हजार साल पहले सरस्वती नदी का वजूद था. भूगर्भीय हलचल ने सरस्वती की धारा बदल दी और मौसम के रूठेपन ने उस नदी को मार डाला. नदियों की मौत का यह सिलसिला चल ही रहा है. आज न जाने कितनी नदियां समाप्त हो चुकी हैं. सोनम वांगचुक बिल्कुल ठीक कह रहे हैं कि हिमालय के ग्लेशियर गंभीर संकट की स्थिति में हैं. जिस गोमुख से गंगा निकलती हैं, वह निरंतर पीछे खिसकता जा रहा है. 2012 और 2016 में गोमुख के पास ग्लेशियर का बड़ा टुकड़ा टूटा भी था. इन सबका कारण ग्लेशियर में कम होती बर्फबारी है. ये ग्लेशियर ही किसी भी नदी को जिंदा रखते हैं. उत्तर और पूर्वोत्तर भारत की ज्यादातर नदियां हिमालय की गोद से निकलती हैं और हिमालय में मौजूद 9 हजार से ज्यादा ग्लेशियर इन नदियों को जिंदा रखते हैं लेकिन पिछले तीस सालों में स्थिति विस्फोटक हुई है. जलवायु परिवर्तन तो बड़ा कारण है ही, हिमालय में मानव का हस्तक्षेप भी बहुत बढ़ा है. जगह-जगह सुरंगें खोदी जा रही हैं और पर्यटन के नाम पर हिमालय को रौंदा जा रहा है. हर साल लाखों पर्यटक घुमक्कड़ी के लिए हिमालय पहुंचते हैं और हजारों टन कचरा पहाड़ पर छोड़ आते हैं. इस कचरे को हिमालय से दूर ले जाने की कोई सार्थक व्यवस्था नहीं है. कागजों पर बहुत कुछ हो रहा है लेकिन पहाड़ पर नहीं हो रहा. केंद्र सरकार ने कुछ साल पहले हिमालय इको मिशन का गठन किया था जिसके तहत पंचायतों को भूमि, वन और जल संरक्षण एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी दी जानी थी लेकिन उस मामले में क्या हुआ, किसी को नहीं पता. जहां तक बेहतर सड़कों और ऊर्जा उत्पन्न करने का सवाल है तो निश्चय ही हिमालय में बसने वाले हर व्यक्ति को इसकी जरूरत है लेकिन हिमालय के विनाश की कीमत पर नहीं! हिमालय तबाह हो रहा है तो इसका असर केवल पहाड़ पर नहीं, नीचे मैदानी भाग पर भी पड़ रहा है. केवल तीस-चालीस साल पहले गंगा में हर जगह भरपूर पानी भरा रहता था. यमुना स्वस्थ थीं. लेकिन मनुष्य की लालसा ने गंगा को भी पानी के लिए तरसा दिया है. उत्तरप्रदेश-बिहार से लेकर बंगाल तक यदि गर्मी में आप गंगा किनारे खड़े हों तो वास्तविक चौड़ाई के एक छोटे से हिस्से में गंगा सिमटी नजर आती है. डर लगता है कि वक्त के किसी काल में क्या सरस्वती की तरह गंगा भी धरती में समा जाएंगी? वांगचुक यही तो कह रहे हैं! ये नदियां बची रहेंगी तो हम भी बचेंगे. सोनम वांगचुक की चिंता हम सबकी चिंता होनी चाहिए. वांगचुक ने ग्लेशियर बचाने का बेहतरीन रास्ता भी दिखाया है. सरकार, हम उस रास्ते पर क्यों नहीं चलते?





# हिंदू तन-मन, रग-रग हिंदू का मार्ग दिखाया अटल जी ने-शर्मा

## हमें उच्च पदों पर बैठाने वाले कार्यकर्ताओं का पद हमसे कहीं अधिक बड़ा-देवड़ा

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में अटल जन्म शताब्दी वर्ष अंतर्गत स्थानीय कुशाभाऊ ऑडिटोरियम मंदसौर पर वरिष्ठप्रबुद्धजन संगोष्ठी मुख्य वक्ता एवं विधायक रामेश्वर शर्मा, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री बाबूलाल बंजारा, विधायकगण हरदीप सिंह डंग, चन्दरसिह सिसोदिया प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक महोदय यशपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक गण कैलाश चावला, देवीलाल धाकड, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, मछुआरा प्रकोष्ठके प्रदेश संयोजक बाबूलाल चौहान, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष गण महोदय नानालाल अटोलिया, मानसिंह माछौपुरीया, राजेन्द्र सुराना, कारूलाल सोनी, नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मुकेश काला, पिछ्डा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक प्रितेश चावला मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी एंव पं.दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारियों द्वारा मंचस्थ अतिथि गणों का स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात मुख्य वक्ता एवं विधायक रामेश्वर शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने उपस्थित वरिष्ठजनों का पुष्प वर्षा कर सम्मान किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की भारत के राजनीति के भीष्म पितामह एवं भारतरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष अंतर्गत इस संगोष्ठी में आप सभी वरिष्ठजनों का सम्मान करते हुए यह कहता हुं की जनसंघ से लगा कर आज तक की यह यात्रा बडी कठिन थी लेकिन हमारे नेता अटल जी साथ थे तो यह यात्रा अटल यात्रा की तरह लगातार चल रही है। यात्रा कठिन थी जब डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की सरकार को त्यागा था और कहा था जो सरकार कश्मीर को विशेष दर्जा देगी हम उस सरकार के साथ नहीं रहेगें। हमारा स्पष्ट कहना है कि देश में एक विधान, एक प्रधान होना चाहिए। 370 समाप्त करने का कहने वाले आजाद भारत के पहले व्यक्ति डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी ही थे। अटल जी ने कहा की बाधाऐं कितनी ही आये तुफान कितने ही आये हमें अपने मार्ग से हटना नही वरना मार्ग पर अटल बने रहना होगा और एक दिन केशरिया हिन्दुस्थान का परचम अवश्य फहरेगा। अटल जी के सामने कितनी ही मुसीबते आयी लेकिन अटल जी कभी डीगे नही। जनसंघ के जमाने से ही यह माना जाता है की भविष्य का हिन्दुस्थान श्रृद्धेय अटल जी के नेतृत्व में ही आगे बढ़ेगा। अटल जी ने सदैव हिन्दी भाषा को बढावा देने का कार्य किया। उन्होने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर बडे गर्व से यह कहा था की मैं हिन्दुस्तान से आया हुॅ और मेरी मातृभाषा हिन्दी है। अटल जी ने 24 दलों की संयुक्त सरकार को एक परिवार के भांती संजोग कर रखा और विकासवादी सरकार का नेतृत्व किया। वर्तमान में भी कांग्रेसीयों ने अनेक दलों को मिलाकर सरकार बनाने का स्वपन देखा था। जिसमें कोई इधर गया तो कोई उधर गया और स्वप्न टूट गया। जनता पार्टी की सरकार में जब दोहरी सदस्यता को लेकर अटल जी और हम से कहा गया की आपको आर एस एस छोडना पडेगी तो हमने कहा की हम संघ के साथ खडे रहेगें चाहे हमें जनता पार्टी की सरकार को क्यो ना छोडना पडे और यही से दीपक चुनाव चिन्ह से कमल चुनाव चिन्ह की यात्रा प्रारंभ हुई 06 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गई और वही से आज तक 45 साल की यात्रा में मंदसौर से लेकर महाकाल की पुण्य भूमि, देवी अहिल्याबाई की भूमि, रेवांचल से लेकर देश में अधिकांश जगह भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरा रहा है। अटल जी कही हुई पंक्तियां अँधेरा छटेगा-सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज पुरे देश में अटल जी की यह पंक्तियां चरितार्थ होती दिखाई दे रही है। अटल जी ने कहा था हिन्दु तनमन, हिन्दु जीवन, रग-रग हिन्दू, मैं वोट की खातिर राजनिती करने वाला व्यक्ति नही हुँ और ना ही मेरा दल है। आज उसी को आर्दश मान कर देश में एक सनातनी व्यक्ति नरेन्द्र मोदी जी के रूप में सनातन के लिये पुरे विश्व में लड़ाई लड़ रहा है और आस्था की डुबकी भी लगा रहा है। आयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर और काश्मीर में धारा 370 हटाना हमारी यात्रा का हिस्सा है। अटल जी ने पांच बार इस विचारधारा को लेकर काश्मीर की यात्रा की थी। पोखरण परमाणु परिक्षण के समय अटल जी ने अमरिका की गिदड धमकियों का मुकाबला करते हुए सफलता पूर्वक परमाणु परिक्षण किया और कहा की भारत नई शक्ति के साथ विश्व में तेजी से आगे बढ़ने वाला देश बन कर दिखायेगा।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा ने कहा की हम सब एक ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता है जो एकात्म मानववाद, गरीब कल्याण के लिये कार्य कर रहे है। कार्य करते हुए छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी कई बड़े पदों पर पंहुच कर गांव, गरीब, किसान की समस्याओं का समाधान करने हेतु सक्षम बन जाता है। मैं कार्यकर्ताओं के बीच यह आग्रह करता हुँ की हम सब उच्च पदों पर बैठें जरूर है लेकिन हम से भी बड़े वे सभी कार्यकर्ता है जिन्होने हमें इन पदों पर आसीन कराया है। जो लगातार बूथ स्तर पर कार्य करते है और पार्टी को विजयश्री दिलाने के लिये तन-मन न्यौछावर कर देते है। इनकी मेहनत से ही कोई विधायक मंत्री उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक की यात्रा को पूर्ण करता है। इसलिये हम सभी को भी कभी भी भ्रम नही पालना चाहिए की सबसे बढा नेता हम ही है।

संगोष्ठी में स्वागत भाषण देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा की आज संगोष्ठी में ऐसे-ऐसे तपोनिष्ठ वरिष्ठकार्यकर्ता उपस्थित हुऐ है जिनकी तप-तपस्या और साधन से भाजपा का इतना विराट स्वरूप पूरे देश में दिखाई दे रहा है। श्रद्धेय अटल जी ने अपनी यात्रा दीपक चुनाव चिन्ह से लेकर प्रारंभ की थी और कहा था कि देश में छाया अंधेरा शीघ्र हटेगा और कमल खिलेगा। अटल जी ने राष्ट्र और भारत माता के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। जिस दिन अटल जी ने लोकसभा में अपना इस्तीफा दिया था उस दिन उन्होंने कहा था कि आज आप सभी हम पर हंस रहे है लेकिन एक दिन ऐसा आयेगा जब देश आप पर हंसेगा और आज यह दृश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विधायक रामेश्वर शर्मा ने विश्व विख्यात भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की और अटल जी के जीवन पर लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम जिला प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा घटावदा ने किया एंव आभार भाजपा वरिष्ठ नेता जगदीश परमार ने माना।इस अवसर पर जिले के सभी मंडलों से 1500 से अधिक प्रबुद्ध जन वरिष्ठजनों ने संगोष्ठी में भाग लिया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## कोर्ट का केस वापस नही लेने पर पीटा, 3 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कोर्ट का केस वापस नही लेने पर मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज कियसा। सोकडी निवासी रोहित पंवार ने पिपलियामंडी थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव का पिन्टू पिता केवलराम पंवार, केवलराम पिता मिट्ठुलाल पंवार व शुभम पिता मदनलाल बावरी तीनों आए और बोले कि सिंगोली में कोर्ट में जो केस लगा रखा है वह वापस ले, मैंने जवाब बाद में देने की बोला तो तीनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज किया।

## मुखबिरी का आरोप लगाकर पीटा, 2 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुखबिरी का आरोप लगराकर युवक को पीटा। मुलतानपुरा निवासी शेफ अली मलका न्यारगर ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बोतलगंज शादी में गया था। तभी मुख्तियार धारी व मोहसिन धारी आए और बोले कि तू हमारी मुखबिरी पुलिस को करता है और गाली-गलौज कर मारपीट की। दोनों तलवार लेकर मुझे मारने आए। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

## बाइक चोरी, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। मनासाखुर्द निवासी राहुल पिता बगदीराम प्रजापति ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि सूठोद मालवीय ढाबे के निकट पर खड़ी बाइक (एमपी 14 जेडबी 7294) को अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज किया।

## जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक के लिए सुझाव 15 तक देवें

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टेन श्री संजय दिक्षित द्वारा बताया गया कि सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं और आश्रितों को सूचित किया जाता है कि सैनिक कल्याण के लिए एजेंडा, पॉइंट, सुझाव, समस्याएं (जिनका कलेक्टर के स्तर पर निराकरण लायक हो) को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 15 मार्च तक लिखित में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर, पोस्ट या ईमेल करके पहुंचा सकते है। ताकि निराकरण हेतु उन्हे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक की कार्यवाही में सम्मिलित किया जा सकें।

# होली पर्व की तैयारियों को लेकर धार्मिक उत्सव समिति व समाज प्रमुखों की बैठक आज

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** होली पर्व आनंद, उत्साह, उमंग के साथ मनाया जाएगा। होली पर्व को आदर्श रूप में पूर्ण उत्साह के साथ मनाए जाने को लेकर जिला धार्मिक उत्सव समिति व नगर के सभी समाजों के प्रमुखों, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिकजनों की बैठक 2 मार्च रविवार को दोपहर 12.30 बजे जिला अस्पताल के सामने स्थित दशपुर कुंज में आयोजित की जाएगी।

जिला धार्मिक उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया की बैठक में प्रबुद्धजनों के साथ ही युवा एवं समाज के समस्तजन होली पर्व की खुशहाली और उत्साह बढ़ाए जाने के लिए अपने सुझाव एवं अनुभव झांसा करेंगे। होली दहन से लेकर रंग पंचमी, रंग तेरस तक होली का पर्व बच्चों से लेकर बड़ो सभी को बहुत आनंदित करता हैं। लेकिन होली के इस पर्व में अनजाने में कुछ बुराईयां जुड़ गई हैं इसके कारण अनेक नागरिक पर्व को मनाने से विरत रहते हैं। इन बुराईयों को दूर कर होली पर्व को आदर्श रूप में मनाए जाने के लिए सभी समाजजनों की भागीदारी और प्रयास की आवश्यकता है। सभी से बैठक में शामिल होकर होली पर्व के उत्साह को बढ़ाने और होली पर्व को आदर्श रूप में मनाए जाने की अपील की गई हैं।

## किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदे गए गेहूं पर मिलेगा 125 रूपये प्रति क्विंटल का बोनस

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राज्य सरकार किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिये निरंतर कार्य कर रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये प्रदेश के पंजीयन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक है। किसान ऐप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। पंजीयन के लिये ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर नि:शुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। गेहूँ उपार्जन के लिये समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में 150 रूपये प्रति क्विंटल अधिक है।



**रामघाट में 03 दिन का पानी शेष**– रामघाट बैराज में अब 03 दिन का पानी शेष बचा है। जरूरत पड़ने पर एक बार फिर कालाभाटा डेम से पानी लिया जाएगा। इधर पानी का अपव्यय रोकने के लिए नगर पालिका बिना टोटी वाले नलों के मालिको पर कार्यवाही करेगी। उधर चम्बल से पर्याप्त पानी आ रहा है।

## प्रदेश में बनेगी साइंस सिटी-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में साइंस सिटी विकसित की जाएगी। इस संबंध में राज्य सरकार विचार कर रही है। विज्ञान का अधिक से अधिक उपयोग कर प्रदेशवासियों के जीवन को सुगम और सरल बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। नवीन तकनीक का उपयोग करते हुए किसानों से जुड़ी व्यवस्थाओं का सरलीकरण किया जा रहा है। इसमें ड्रोन सर्वे, फसल सर्वे के कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों सहित जनसामान्य की रूचि और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने के लिए विज्ञान गतिविधियों का विस्तार संभाग स्तर तक किया जाएगा। आने वाले समय में मध्यप्रदेश विज्ञान के क्षेत्र में सम्पन्न और समृद्ध बनें इस उद्देश्य से राज्य सरकार नवाचारों तथा अन्य गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित करती रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार विज्ञान भवन में मीडिया से चर्चा में व्यक्त किए।

## दुर्घटना में प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। सनावदा निवासी विजय मेघवाल ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि 23 फरवरी 2025 को मैं कृषि उपज मंडी में लहसुन लेकर आया था। रात्रि में मैं मंडी से वापस बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान ब्रिज पर अज्ञात बाइकसवार ने टक्कर मार दी। जिससे बेहोश हो गया, बाद में मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया। पुलिस ने विवेचना के बाद अज्ञात बाइक सवार पर केस दर्ज किया।

## मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में भाई-बहिन पर केस दर्ज हुआ। मुन्दड़ी निवासी चंदाबाई पंवार ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं अपनी दादी के घर गांव हरिपुरा गई थी। वहां मेरी बुआ की लड़की रचना पंवार व उसके भाई अर्जुनसिंह ने कहा कि यहां क्यों आई और गाली-गलौज कर पत्थर की मारी, जिससे आंख पर चोंट आई। पुलिस ने भाई-बहिन पर केस दर्ज किया।

### गांधी सागर से नीमच-जावद एवं रामपुरा-मनासा माईक्रो सिंचाई प्रोजेक्ट से...

# जिले के शतप्रतिशत रकबे में सिंचाई होगी-गुप्ता

## राज्यसभा सांसद गुर्जर की उपस्थिति एवं सांसद गुप्ता की अध्यक्षता में दिशा कमेटी की बैठक सम्पन्न

**नीमच, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी (दिशा कमेटी) समिति की बैठक शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर की उपस्थिति एवं लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिह चौहान, न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपडा, श्रीमती वंदना खण्डेलवाल एवं समिति के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, डीएफओ श्री एस.के.अटोदे, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जल संसाधन विभाग द्वारा जिले में संचालित सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा में सांसद श्री गुप्ता ने कहा, कि रामपुरा, मनासा सिंचाई परियोजना और नीमच, जावद माईक्रो सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन से नीमच जिले के सभी गांवों में शतप्रतिशत रकबे में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। यह दोनो परियोजनाएं नीमच जिले में हरित क्रांति साबित होगी और किसानों को समृद्धशाली बनाएगी। सांसद ने जल संसाधन के अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे अन्य जिलों में स्थापित माईक्रो सिंचाई प्रोजेक्ट का अध्ययन कर, इस प्रोजेक्ट के नीमच जिले में सफल क्रियान्वयन के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही हर पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार कर, किसानों को माईक्रो एरीगेशन प्रोजेक्ट के माध्यम से स्प्रींक्लर सिंचाई पद्धति से सिंचाई के लिए जागरूक करें। किसानों को बडे पैमाने पर सिंचाई के लिए स्प्रिंक्लर सेट उपलब्धं कराने की योजना बनाने के भी निर्देश दिए। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने सुझाव दिया कि सिंचाई परियोजनाओं के तहत पाईप लाईन निर्धारित गहराई एवं मापदण्डों के अनुरूप ही डाली जाए, यह सुनिश्चित हो। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में बताया गया, कि जिले में 87 सड़कों के कार्यो में से 27 कार्य पूर्ण हो गए है, 60 कार्य प्रगति पर है, जिन्हें मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। सांसद ने निर्देश दिए, कि सड़को के दोनो ओर सोल्डर्स निर्माण का कार्य निर्धारित गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप ही हो। उन्होंने विधायकगणों को निर्माण कार्यो का निरीक्षण करवाने के निर्देश भी दिए। साथ ही वन अनुमति के लिए लंबित 7 सड़कों का निर्माण कार्य भी अनुमति प्राप्त कर, तेजी से प्रारंभ करवाए। पीआईयू के निर्माण कार्यो की समीक्षा में सांसद श्री गुप्ता ने नीमच के सीएम राईज स्कूल का निर्माण कार्य आंवटित भूमि पर तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए।

एमपीआरडीसी द्वारा संचालित कार्यो की समीक्षा में बताया गया, कि नीमच, सिंगोली की 100 कि.मी. टू लेन सड़क निर्माण का कार्य भी शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। एजेंसी निर्धारित हो गई है। डूंगलावदा, भाटखेड़ा फोरलेन का कार्य भी एजेंसी द्वारा शीघ्र प्रारंभ किया जावेगा। सांसद ने सड़क सुरक्षा की दृष्टि से ट्रेक्टर ट्रालियों, जेसीबी एवं डम्प रों पर रिफ्लेक्टर लगवाने के निर्देश भी आरटीओ को दिए। जल निगम द्वारा संचालित गांधी सागर समूह-2 जल प्रदाय योजना के कार्यो की समीक्षा में सांसद ने पाईपलाईन बिछाने से क्षतिग्रस्तग हुई सड़कों, आंतरिक मार्गो, के रेस्टोरेशन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता एवं गुणवत्तो के साथ पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा, कि जब तक सड़कों के रेस्ट्रोरेशन का कार्य गुणवत्तापूर्ण तरिके से पूर्ण न हो, तब तक संबंधित एजेंसी को रेस्ट्रोरेशन कार्य का भुगतान नहीं किया जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यो की समीक्षा के दौरान सांसद ने कहा, कि जनप्रतिनिधियों एवं विधायकगणों से चर्चा कर, 500 प्लसस की सभी बसाहटों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से जोड़ने के लिए सड़क निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर, शासन को भिजवाए। प्रस्तारव में शामिल होने से कोई भी बसाहट, मजरा, टोला या गांव शामिल होने से वंचित ना रहे। मप्रपक्षेविविकं के कार्यो की समीक्षा में बताया गया, कि आरडीएसएस योजना के तहत जिले में केपीसीटर लगाने का काम पूरा हो गया है। दो सबस्टेशन निर्माण का कार्य प्रगति पर है, 4 मिक्स फीडर पर लोड कम करने का कार्य किया जा रहा है। 122 अतिरिक्त फीडर स्थायपित किए जा चुके है। जिले में 409 अतिरिक्त ट्रांसफार्मर प्राप्ति हुए है। सांसद श्री गुप्ता ने बताया, कि मंदसौर संसदीय क्षेत्र में 1140 विद्युत ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए गए है। बैठक में नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा में बताया गया, कि जिले में 2616 मेगावाट क्षमता के सौलर प्रोजेक्ट का कार्य जारी है। 485 मेगावाट क्षमता के सौलर प्रोजेक्ट स्थापित हो चुके है। भगवानपुरा व सिंगोली सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट से सौर ऊर्जा उत्पादन प्रारंभ हो गया है। ग्रीनको द्वारा 1920 मेगावाट क्षमता का हायड्रो पावर प्रोजेक्टस स्थापित करने का कार्य तेजी से जारी है। सौलर पम्प योजना के तहत 456 किसानों के खेतों में सौलर पम्प स्थापित किए गए है और 442 किलोवाट क्षमता के रूपटॉप सौलर पैनल लगाए गए है। 1358 किलोवाट क्षमता के रूपटॉप सौलर पैनल लगाने के प्रस्ताव लंबित है। कलेक्टर ने श्री चंद्रा ने अवगत कराया गया, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत तहसील स्तर पर जनजागरूकता के लिए जागरूकता मेले आयोजित किए जाएंगे, जिसमें वेण्डर्स, बैंकर्स एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारी हितग्राहियों को जागरूक कर, सौलर पैनल लगाने के प्रकरण तैयार कर, घरों पर सौलर पैनल स्थांपित करवाएंगे। बैठक में कृषि, खाद्य, नगर एवं ग्राम निवेश, नगरपालिका एवं आबकारी सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यो की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में विधायक श्री मारू, श्री परिहार, जि.प.अध्यक्ष श्री चौहान ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रारंभ में कलेक्टर, डीएफओ एवं जिला पंचायत सीईओ ने सांसद श्री गुप्ता एवं श्री गुर्जर का पुष्पगुच्छं भेंटकर, स्वागत किया। जिला पंचायत सीईओ ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदाबाई धनगर, सांसद प्रतिनिधि श्री आदित्य मालू, विधायक प्रतिनिधि श्री निलेश पाटीदार, जनपद सदस्य श्री रतनलाल मालावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समिति सदस्य एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण पर बीएसएनएल कंपनी द्वारा दी जा रही हैं छूट

**नीमच, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस। जिले में 8 मार्च 2025 शनिवार को मध्यप्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमे आपसी समझोते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। इसी तारतम्य में भारत संचार निगम लिमिटेड, मंदसोर ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से सम्बंधित लगभग 440 प्रकरणों को नीमच, जावद एवं मनासा न्यायालयों में प्रस्तुत किया है।**

नेशनल लोक अदालत 8 मार्च 2025 में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रिलिटिगेशन प्रकरणों के लिए नीमच, जावद एवं मनासा के न्यायालयों में सम्बंधित खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकण किया जावेगा। भारत संचार निगम लिमिटेड ने नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष छूट का प्रावधान रखा है। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बी.एस.एन.एल. के कार्यालय में भी 8 मार्च 2025 के पूर्व भी सम्पर्क कर छूट का फायदा उठा सकते है। दूरभाष, मोबाइल, एफ.टी.टी.एच. के लंबित राशि के प्रकरणों से सम्बंधित उपभोक्ता से बी.एस.एन.एल. आपसी समझोते से 10% से 50% तक छूट का लाभ लेकर प्रकरण निपटाने का अनुरोध भारत संचार निगम लिमिटेड के वरिष्ठ लेखा अधिकारी श्री एस.एस.सिसोदिया ने किया हैं।

# सोम कलश के अभिमंत्रित अक्षत जीवन का कल्याण कर देते हैं-सांसद

## सोम यज्ञ आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न, तैयारियों पर हुई चर्चा




**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 13 से 18 अप्रैल तक नगर के मध्य काल खेत प्रांगण में आयोजित होने वाले विराट सोमयज्ञ के महोत्सव की तैयारी के संबंध में नगर के गणमान्य जनों की एक बड़ी बैठक नरसिंहपुरा स्थित हाटकेश्वर भवन के सभागार में आयोजन समिति के संयोजक सांसद सुधीर गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक राजकोट से आए अरविंद भाई पटाड़िया, हितेश भाई और बाबूलाल त्रिवेदी, आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा तथा संरक्षक गण विशाल गोयल, महेश पारख, कारुलाल सोनी, महेश गर्ग, मानसिंह मच्छोपुरिया भी मंचासीन थे। सांसद श्री गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह हम सब लोगों का सौभाग्य है कि सभी यज्ञों में सबसे बड़ा सोम यज्ञ हमारे नगर में होने जा रहा है। सोम यज्ञ का हमारी सनातन परंपरा में अत्यधिक महत्व है ऋतु चक्र को सोम यज्ञ की आहुतियां निर्धारित करती है। पर्यावरण और परिवेश स्वच्छ व शुद्ध होता है जिससे मानव जीवन के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है मनुष्य हमेशा निरोगी रहता है। श्री गुप्ता ने इस आयोजन के लिए गठित की गई विभिन्न समितियां के प्रभारियों को दायित्वों से अवगत कराया और प्रभार पत्र सौंपे। राजकोट के प्रसिद्ध ज्वेलरी व्यवसायी अरविंद भाई पटाड़िया ने सोम यज्ञ के महत्व का वर्णन करते हुए बताया कि सभी यज्ञों में श्रेष्ठसोमयज्ञ से मानव जीवन का कल्याण होता है सोम कलश में स्थापित अक्षत यानि चावल जो वेद मंत्रों से अभिमंत्रित होते हैं वे सदैव अपने पास रखने से दर्शन करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। सारी अला बला टलती है। साथ ही सोमयज्ञ की परिक्रमा दर्शन और वहां की मिट्टी के कण जीवन में चमत्कारिक परिवर्तन लाते हैं। उन्होंने बताया कि वैष्णवाचार्य गोस्वामी गोकुलोत्सव जी महाराज, और पूज्य गोस्वामी ब्रजोत्सव जी महाराज के सानिध्य में देश-विदेशों में जहां भी सोमयज्ञ हुए हैं वहां इसके बहुत ही अनुकूल और सकारात्मक परिणाम आए हैं। आरम्भ में समिति के समन्वयक गौरव अग्रवाल ने सोम यज्ञ आयोजन समिति की तैयारी से अवगत कराया। बैठक में आयोजन समिति से जुडे तथा नगर के गणमान्य जन बड़ी संख्या में सम्मिलित थे जिनमें वरिष्ठ पत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी, शिक्षा विद रमेश चंद्र चन्द्रे डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, योग गुरु रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, विक्रम भटनागर, राजेश नामदेव, विजय सुराणा, हस्ती मल जैन, नंदू भाई आडवाणी, रूपनारायण जोशी, मोहनलाल शर्मा, राजेंद्र चाष्टा, महेश शर्मा, हेमन्त शर्मा, प्रकाश सिसोदिया, राहुल सोनी, अजय कुमार सिखवाल एड. राजीव शर्मा, महेश शर्मा पप्पू, पंकज शर्मा पार्टनर संजय गोठी, धीरज पाटीदार, कृष्ण कुमार बाहेती, नवनीत पारिख, नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, महेश चंद्र पारिख, गिरीश कुमार पारीख, जगदीश चंद्र शर्मा जांगिड़, हेमंत शाह, अखिलेश जैन, जितेंद्र सिंह पवार, , प्रद्युमन शर्मा, अजय तिवारी, कृष्ण कुमार बाहेती, हरिवल्लभ मालू, मिलिंद जिलेवर दाऊभाई विजयवर्गीय, रमेश काबरा , राजकुमार सिंहल, दिलीप अग्रवाल राजू आखेरिया , कृष्ण कुमार चिचानी महेश बंकट सोमानी, महेश भावसार, नटवर भाई पारिख, सुनीता भावसार, निर्मला गुप्ता, उमा सैनी, विद्या उपाध्याय, अंजू तिवारी, हेमा पारिख, चारु पारिख, नीता चौबे ,शशि झलोया चंदा चंदा चाष्टा, मंजू परमार, संगीता मंडोवरा, वंदना सोनी, दीपा पटेल गुजराती, विशाखा रमेश पारेख आरती , नेहा पारिख, किरण शर्मा अनीता खंडेलवाल प्रीति रोखले, आशा देवी अग्रवाल, विद्या बाडोलिया निक्की, रेखा नागर, मधु वनिता सुनीता नागर, पुष्पलता माली प्रेमलता आचार्य, भाविका भरत शाह, सरिता विजय अर्चना जितेंद्र रीटा राजेश पारिख, उमेश ज्योति त्रिभुवनदास पारिख, अनु सतीश नागर स्नेह लता उपाध्याय रमा माथुर राजेश सोनी एरावाला श्याम मालवीय, कृष्ण कुमार जाखेटिया, महेंद्र दुरग बाबूलाल , गोपाल पसारी कपिल भंडारी, अनूप भारभाया अनिल पाटीदार, संदीप खाबिया नितिन शर्मा, मनोज शुक्ला राम तिवारी अंबालाल चौहान आकाश निगम मयंक मावर, चंद्रकांत शर्मा, उमेश राठौर प्रहलाद दमानी चुन्नीलाल ज्ञानी विपिन पारिख, अंकित नागर धर्मेंद्र जटिया नरेंद्र पवार पंकज भरत महेश काबरा, दीपक पारिख, संजय मित्तल, अशोक पारेख अनिल कुमार जोशी, सतीश नागर जितेंद्र पारिख राजेश, राजकुमार पारीख, विनय अनिल द्विवेदी कपिल शर्मा आरती दवे मालती गहलोत, रेखा कैलाश उपाध्याय आदि अनेक जन उपस्थित थे। आरंभ में मातृ शक्ति द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया संचालन बृजेश जोशी ने किया आभार विजय सुराणा ने माना।

# अद्भूत एवं अविस्मरणीय रहा प्रयागराज महाकुम्भ 2025-पाण्डेय

### महाकुंभ ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत का संदेश पूरी दुनिया को दिया

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** धर्मनिष्ठ, समाजसेवी व सक्षम संस्था के प्रांत सचिव रविन्द्र पाण्डेय ने 144 वर्षो र्बाद प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान केन्द्र की मोदी सरकार एवं उत्तरप्रदेश की योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं के लिये आभार व्यक्त किया है।



श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं का कहना है कि महाकुम्भ में करोड़ों लोग आए लेकिन किसी को कोई परेशानी नहीं हुई। यहां जिस तरह तैयारियां की गई, जिस तरह प्रकाश से लेकर साफ-सफाई भोजन पानी परिवहन रेल यात्रा के इंतजाम किए, उसके लिए राज्य और केंद्र सरकार बधाई की पात्र है। श्री पाण्डेय ने कहा कि आस्था, एकता और समता के महासमागम महाकुंभ-2025 ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत का संदेश पूरी दुनिया को दिया है। यह भव्य और विराट आयोजन हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और परंपराओं की अद्भुत झलक प्रस्तुत करता है। महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने संगम पर डूबकी लगाकर स्वयं को जहां एक ओर कृतार्थ किया वहीं दूसरी और इतनी बड़ी संख्या की व्यवस्थाओं को जुटाकर वहां की प्रशासनिक अधिकारियों ने एक उत्कृष्टउदाहरण प्रस्तुत किया है। सही मायने में महाकुम्भ एक याद बन गया है। सर्वसिद्धिप्रद: कुम्भ:, एकताकामहाकुंभ के ध्येय वाक्य के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में और सुरक्षा बलों के समर्पण भाव से अपने कर्तव्य के निर्वहन के कारण ही महाकुम्भ 2025 विश्व का सबसे बड़ा और सुरक्षित आयोजन बना है। श्री पाण्डेय ने बताया कि महाकुम्भ 2025 प्रयागराज में उमडे आस्था के सागर से हर कोई अचंभित एवं अभिभूत हो गया। मात्र 45 दिनों के अंदर 66 करोड से अधिक लोगों का त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाना सनातन संस्कृति के प्रति श्रद्धालुओं के समर्पण को दर्शाता है। तीर्थराज प्रयाग में आयोजित हुए महाकुम्भ ने श्रद्धालुओं की संख्या में ही नहीं, बल्कि स्वच्छता के मामले में भी एक नया इतिहास रचा है। 80 देशों सहित भारत के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाई। मेले में स्वच्छता, सुरक्षा और पुलिस प्रशासन के व्यवहार की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्रकृति के सरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई सगठनों ने एक थाली व झोला वितरित कर प्रयावरण सरक्षण का बहुत बडा कार्य किया सक्षम( समदृष्टिक्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल) सेवा भारती एवं सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले संघ के अपने संगठनों ने नेत्र महाकुंभ बहुत बड़ा सेवा का कार्य प्रयाग महाकुंभ में किया लाखों लोगों के नेत्रों की चिकित्सा कि चश्मा वितरण किया एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए लोगों को सुविधा प्रदान की। यह तीर्थराज प्रयाग कुंभ में यह विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है।

# लोक अदालत में दूरभाष, मोबाइल, एफटीटीएच के लंबित राशि के प्रकरणों में 10 से 50 प्रति. तक छूट का लाभ लेवे

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** एसएस. सिसोदिया, वरिष्ठलेखाधिकारी बीएसएनएल, मंदसोर द्वारा बताया गया कि आगामी 8 मार्च शनिवार को मध्य प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमे आपसी समझोते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

इसी तारतम्य में भारत संचार निगम लिमिटेड, मंदसोर ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से सम्बंधित लगभग 963 प्रकरणों को मंदसौर, नारायणगढ एवं गरोठ न्यायालयों में प्रस्तुत किया है। नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रिलिटिगेशन प्रकरणों के लिए मंदसौर, नारायणगढ एवं गरोठ के न्यायालयों में सम्बंधित खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकण किया जावेगा। भारत संचार निगम लिमिटेड ने नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष छूट का प्रावधान रखा है। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बी.एस.एन.एल. के कार्यालय में भी 8 मार्च के पूर्व भी सम्पर्क कर छूट का फायदा उठा सकते है। दूरभाष/मोबाइल/एफ.टी.टी.एच. के लंबित राशि के प्रकरणों से सम्बंधित उपभोक्ता से बी.एस.एन.एल. आपसी समझोते से 10% से 50% तक छूट का लाभ लेकर प्रकरण निपटाने की अपील करता है।

# अभा नया गुजराती लोहार समाज के अध्यक्ष लोहार नियुक्त

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नया गुजराती लोहार समाज की उज्जैन धर्मशाला में समाज के सक्रिय सदस्यों, वरिष्ठजनों, युवा संगठन , मातृशक्ति एवं पूर्व समाज समिति पदाधिकारियों की उपस्थिति में समाज की विशेष आमसभा आयोजित की गई। इस विशेष आम सभा का मुख्य उद्देश्य समाज के आम समाजजन के अधिकारों के प्रयोग से समाज में फैली अराजकता, तानाशाही से समाज में मुक्ति दिलाना था। एक ओर जहाँ सम्पूर्ण समाज नये निर्वाचन की मांग कर रहा था वहीं दूसरी ओर निवृत्तमान अध्यक्ष द्वारा निरंतर समाज की इस प्रमुख मांग को दरकिनार रखते हुए अपनी मनमर्जी से अपने कार्यकाल को 3 वर्ष से बढ़ा कर 5 वर्ष कर लिया गया, जब ये जानकारी समाज को हुई तो पुरे समाज ने एक स्वर में इसका विरोध किया और समाजजन, युवा संगठन, महिला संगठन अध्यक्ष की उपस्तिथि में विशेष आमसभा आयोजित की गई जिसमे उपस्थित समस्त समाजजनों ने निर्विरोध सर्व सहमति से वर्तमान समिति के उपाध्यक्ष श्री बाबूलाल देवड़ा (पूर्व सरपंच) आलोट को नवीन अध्यक्ष चयन कर उन्हें समाज अध्यक्ष नियुक्त किया एवं उन्हें समाज संचालन के सर्वाधिकार सौंपे। साथ ही उनसे समाज में फैली इस तानाशाही से समाज को मुक्त करवाने की आशा व्यक्त की गई, बहुत जल्दी वे अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे और समाजहित में कार्य करेंगे। यह जानकारी मंदसौर जिला अध्यक्ष मोहनलाल चौहान द्वारा दी गई।



**नींबू के भाव में तेजी-** गरमी बढ़ने के साथ ही नींबू की खपत भी बढ़ने लगी है। इसके साथ ही नींबे के भाव में तेजी आ गई है। गरमी की शुरुआत में नींबू 60-80 रूपए प्रति किलो बिक रहे है। जानकारो के मुताबिक नींबू के भाव में ओर तेजी आएगी। इधर सब्जी मंडी में नींबू दिखना भी कम हो गए है। अब शिकंजी, गन्ने के रस में नींबू का ज्यादा उपयोग हो रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता हेतु आवेदन 10 तक आमंत्रित

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अधीक्षक डाकघर द्वारा बताया गया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 09 से 15 वर्ष आयु तक के छात्र-छात्राओं के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता- 2025' का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र अधीक्षक डाकघर, मंदसौर संभाग, मंदसौर को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 है। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राएँ अंग्रेजी अथवा हिन्दी भाषा में पत्र लेखन कर सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता संभागीय स्तर पर 16 मार्च 2025 को सुबह 10.00 बजे से 11.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। परिमंडल स्तर पर प्रथम तीन विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमश: 25 हजार, 10 हजार एवं 5 हजार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमश: रु. 50 हजार, 25 हजार एवं 10 हजार तथा एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन विजेता प्रविष्टियों को चयनित करेगा तथा सर्वोत्तम 03 प्रविष्टियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा।

## जमीन विवाद : चचेरे भाइयों के बीच चली लाठियां

**रतलाम, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले के कालूखेड़ा थाना क्षेत्र के चिकलाना गांव में सरकारी जमीन के सौदे को लेकर दो चचेरे भाइयों के परिवार में विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। गुरुवार को हुई इस घटना का वीडियो शनिवार सुबह सामने आया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार सरकारी भूमि पर कई लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इसी जमीन के एक भूखंड को लेकर चचेरे भाई विकास चौहान और राहुल चौहान के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि इस भूखंड पर अरविंद चौहान का अवैध कब्जा था, जिसे विकास चौहान ने खरीद लिया। वहीं, राहुल चौहान भी उसी जमीन को खरीदना चाहता था, जिससे विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों परिवार आमने-सामने आ गए और लाठियां चलने लगीं। महिलाओं की चीख-पुकार के बीच आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। कालूखेड़ा थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है।

## राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेला समिति गठित, खेरून बी शहजाद पटेल सभापति मनोनीत

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 11, 12 व 13 मार्च को नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा हजरत नाहर सैय्यद मेला प्रांगण में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेला के आयोजन हेतु मेला समिति का गठन नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के आदेशानुसार किया गया है। इस समिति में सभापति के पद पर वार्ड नं. 24 की पार्षद श्रीमती खेरून बी शहजाद पटेल को मनोनीत किया गया है। समिति के सदस्य के रूप में श्रीमती बब्बन युसुफ गोरी, श्री गोवर्धन कुमावत, श्रीमती मंजू अनिल मालवीय एवं श्रीमती कमरूनिशा आरीफ अंसारी को मनोनीत किया गया है। समिति आगामी समय में मेला की व्यवस्थाओं के संबंध में मेला स्थल का निरीक्षण कर मेला में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप देगी।

## श्री खिड़की माता मेला समिति गठित, श्रीमती भावना पमनानी सभापति मनोनीत

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 21 मार्च को शीतला सप्तमी पर्व पर मंदसौर बायपास मार्ग पर शिवना नदी के किनारे स्थित श्री खिडकी माता मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले श्री खिडकी माता मेला के आयोजन हेतु नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के द्वारा मेला समिति का गठन किया गया है। मेला समिति में सभापति के पद पर वार्ड नं. 32 की पार्षद श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी को मनोनीत किया गया है। समिति के सदस्य के रूप में श्रीमती प्रमिला संजय गोयल, श्रीमती मंजू अनिल मालवीय, श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवे एवं प्रीतम पंचोली को भी मनोनीत किया गया है।

## अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया फाग महोत्सव



**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अग्रवाल महिला मंडल देसी पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशि गोपी अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज की महिलाओं के द्वारा नरसिंह मंदिर जनकुपूरा पर फागन महीने के पवित्र माह में फाग उत्सव मनाया गया, जिसके अंतर्गत राधा कृष्ण की जोडी पर आधारित ढोलक की थाप पर नृत्य महिलाओं के द्वारा किए गए तथा राधा कृष्ण की जोडी पर एक प्रतियोगिताओं में श्रीमती रिंकू गर्ग, अंजू मित्तल, रितु अग्रवाल एवं कल्पना अग्रवाल विजेता रही साथ ही लकी ड्रा के द्वारा श्रीमती पवित्र अग्रवाल, निक्की गोयल, निर्मल अग्रवाल इन तीनो महिलाओं को भी पुरुस्कृत किया गया। महिलाओं ने भगवान के भजनों पर नृत्य किया एवं गुलाल व फूलों से होली खेली। समाज की आने वाली सभी महिलाओं का आभार महिला मंडल महासचिव श्रीमती रानी अनिल सिहल एवं श्रीमती श्वेता आशीष अग्रवाल ने माना।

# मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के लिए आवेदन करें

### स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना हेतु 5 लाख मिलेंगे, जिस पर 40% अनुदान मिलेगा

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री एस के महाजन ने बताया कि मछुआ कल्याण व मत्स्य विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अन्तर्गत आवेदन करें। जिले मे स्मार्ट फिश पार्लर स्थापना ग्रामीण तालाबो मे मत्स्य बीज संवर्धन व उत्पादन, ग्रामीण तालाबो मे झीगा पालन तथा प्रशिक्षण हेतु वर्गवार लक्ष्य प्रदाय किये जाकर राशि उपलब्ध करायी गयी है। स्मार्ट फिश पार्लर के माध्यम से उपभोक्ताओ को ताजी व हाइजेनिक कंडीशन में मछली उपलब्ध करायी जावेगी। जिले मे योजनान्तर्गत 9 स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना की जावेगी। सामान्य वर्ग के 04 अ.जा. वर्ग के 03 अनुसुचित जनजाति वर्ग के 02 हितग्राहियो को लाभान्वित किया जावेगा। प्रत्येक स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना हेतु 5 लाख रू राशि का प्रावधान है जो नगरीय निकाय / पंचायत को उपलब्ध करायी जावेगी। जिसमे चयनित हितग्राही को ईकाई लागत की 10 प्रतिशत राशि रू 50 हजार अंशदान के रूप मे व मासिक शुल्क रु 1 हजार प्रति माह संबंधित नगर निकाय या पंचायत मे जमा करना होगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीण तालाबो मे मत्स्य बीज संवर्धन व उत्पादन तथा झीगा पालन हेतु सभी वर्ग के हितग्राहियो को इकाई लागत के 40 प्रतिशत अनुदान राशि प्रदाय की जावेगी। योजना अन्तर्गत प्रदेश के सभी वर्ग के हितग्रही, एन.आर.एल.एम. स्व सहायता समुह, मछुआ समुह एव मछुआ सहकारी समिति के सदस्य पात्र होगे। इच्छुक हितग्राही योजनान्तर्गत अपना आवेदन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु मत्स्योधोग विभाग मे संपर्क कर सकते।

# गांधी सागर वन्यजीव अभ्यारण्य का शैक्षिक भ्रमण सम्पन्न



**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. सुधीर रायज़ादा ने बताया इको क्लब इकाई द्वारा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस यात्रा में 20 छात्राओं ने भाग लिया और पक्षी निरीक्षण (बर्ड वॉचिंग), वन्यजीव दर्शन, प्राकृतिक सौंदर्य व जैव विविधता को समझने का अवसर प्राप्त किया।

छात्राओं ने अभयारण्य में स्थित 5000 वर्ष पुरानी रॉक पेंटिंग्स की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, गांधी सागर डैम का भी भ्रमण किया गया, जहां जल विद्युत ऊर्जा उत्पादन प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला। भ्रमण के दौरान वन आरक्षक श्री जगदीश कुमार व्यास ने मार्गदर्शन प्रदान किया। इको क्लब संयोजिका सुश्री नौरीन कुरैशी ने भ्रमण का नेतृत्व किया, जिसमें डा. कविता बुंदेला, डॉ. अखलाक मंसूरी, श्री कांतिलाल कुमावत, डॉ. सपना दे एवं श्री फिरोज मंसूरी ने सहयोग प्रदान किया। छात्राओं ने खैर, गुग्गल, विको, टिमरू, अशोक, शमी आदि वृक्षों के औषधीय, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्व को भी समझा। यह शैक्षिक भ्रमण छात्राओं के लिए पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण व ज्ञानवर्धक अनुभव साबित हुआ।

## मजदूरी पर नही आया तो पीटा

**पिपलियामंडी, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मजदूरी पर नही आने पर मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज किया। बोलिया निवासी जुझारलाल पिता कैलाश डांगी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मुझे बापूलाल पिता किशनलाल डांगी यात्री प्रतीक्षालय के पास मिला और बोला कि तूझे मजदूरी के लिए बुलाया था, क्यों नही आया। गाली-गलौज कर मेरे साथ मारपीट की। व डंडे से मारी, जिससे चोंटे आई। पुलिसने बापूलाल पर केस दर्ज किया।

## वसूली में पिछड़ रही नगर पालिका... पेज 1 से जारी

ऑफ लाइन ही नपा पहुंचकर अपना कर जमा करवाकर रसीद प्राप्त कर रहे है। जलकर में हर माह कर जमा कराने वालों की संख्या सबसे अधिक है। राजस्व वसूली में भी नपा ने दुकानों व लीज वृद्धि को अलग कर रखा है। बाकी सब राजस्व अलग जगह है। इधर बड़े बकायादारों पर नपा लगाम नहीं कस पा रही है। आम लोग तो राजस्व जमा कराकर नपा को सहयोग करते ही है। लेकिन, बड़े बकायादार नपा की लक्ष्यपूर्ति की राह में बड़ा रोड़ा बने हुए है और इन तक नपा कारगर कार्रवाई भी अब तक नहीं कर पाई है। आम लोगों के लिए वसूली के लिए तमाम नियम लागू है। बकायादारों के नल कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं तो उनसे पैनल्टी भी वसूल रहे हैं। लेकिन, यही नियम रसूखदारों के लिए कुछ नहीं। जलकर से लेकर संपत्ति और दुकानों से लेकर भवन-भूमि में लाखों के बकायादार पूरे शहर में अनेक है। लेकिन, इन्हें छोड़ आम आदमी से वसूली पर ही नपा का पूरा फोकस है।

# 2600 रूपये के समर्थन मूल्य पर अब 15 मार्च से उपार्जित किया जायेगा गेहूं-खाद्य मंत्री

### मुख्यमंत्री का किसानों के हित में लिये गए ऐतिहासिक निर्णय पर राजपूत ने जताया आभार

**मंदसौर, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम् में 01 मार्च से तथा शेष संभाग में 17 मार्च से खरीदी के निर्णय में बदलाव करते हुये राज्य सरकार ने किसानों की मांग पर पूरे प्रदेश में एक साथ 15 मार्च से ही खरीदी करने का निर्णय लिया है। श्री राजपूत ने बताया कि वर्तमान में गेहूं की फसल कटाई पूर्ण नहीं होने तथा मंडियों में आ रहे गेहूं में समर्थन मूल्य उपार्जन हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित नमी के प्रतिशत से अधिक होने के कारण किसानों को असुविधा से बचाने यह निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। विगत वर्षों में भी समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन 15 मार्च के बाद ही प्रारम्भ किया जाता रहा है।

**किसानों को मध्यप्रदेश सरकार देगी 175 रूपये बोनस-** खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में भारत सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 150 प्रति क्विंटल की वृद्धि करते हुए 2425 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली किसान हितैषी प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं उत्पादक किसानों के हित में बडा और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए समर्थन मूल्य 2425 रूपये के अतिरिक्त 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा की गई है। श्री राजपूत ने बताया कि राज्य के किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जायेगी। खाद्य मंत्री ने किसानों के हित में लिये गये इस बड़े निर्णय के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुये इसे खेती को लाभ का धंधा बनाने की ओर सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों का एक हिस्सा बताया है।

**80 लाख टन गेहूं उपार्जन अनुमानित-** खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में लगभग 80 लाख मे. टन गेहूं उपार्जन अनुमानित है। इस उपार्जन पर समर्थन मूल्य की राशि 19,400 करोड़ रूपये तथा बोनस की राशि 1400 करोड़ रूपये का किसानों को भुगतान किया जाना संभावित है।


**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 118/2025 दिनांक 28.02.2025

***** जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा सुरेश पिता हीरालाल, जाति अहिरवार, निवासी ग्राम सेजपुरिया, तहसील व जिला मंदसौर से आवासीय आबादी सर्वे क्रमांक 288 (बी) भूखंड क्रमांक 12 (पी) पटवारी हल्का नं. 00086 पर दर्ज होकर पता ग्राम सेजपुरिया तहसील व जिला मंदसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्वः त्याग विधिवत रजिस्टर्ड स्वत्व त्याग विलेख ई पंजीकरण क्रमांक एमपी 15आईजीआर17852025ए100119957 दिनांक 27.02.2025 से मेरे पक्षकार विद्याबाई पति सुरेश, जाति अहिरवार, निवासी ग्राम सेजपुरिया तहसील व जिला मंदसौर के पक्ष में उपपंजी कार्यालय मंदसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-राधेश्याम का मकान, पश्चिम में-गोपाल का मकान, उत्तर में-खाली भूमि, दक्षिण में-रास्ता, पैमाईश रकबा-208 वर्गमीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 30 | 2221 | 2298 |
| उड़द | 66 | 4780 | 6381 |
| सोयाबीन | 3398 | 4000 | 4220 |
| गैहु | 3750 | 2425 | 3115 |
| चना | 390 | 4780 | 5500 |
| मसुर | 239 | 5471 | 6900 |
| धनिया | 765 | 4800 | 6881 |
| लहसुन | 18000 | 4501 | 7001 |
| मैथी | 325 | 4200 | 5802 |
| मुंगफली | 1173 | 4251 | 5199 |
| अलसी | 915 | 5881 | 6031 |
| सरसो | 1090 | 5300 | 5773 |
| तारामीरा | 15 | 4241 | 4361 |
| इसबगोल | 15 | 9800 | 12653 |
| प्याज | 1361 | 901 | 2213 |
| कलोंजी | 7 | 13800 | 16780 |
| तुलसी बीज | 1 | 12981 | 12981 |
| डॉलर | 12 | 3600 | 6730 |
| तिल्ली | 15 | 8600 | 9100 |
| जौ | 145 | 1810 | 2300 |
| मटरसुखी | 2 | 1300 | 1300 |
| असालीया | 90 | 6799 | 7210 |
| चियाबीज | 38 | 9000 | 12500 |




## ओबीसी महासभा ने व्यावसायिक वाहनों पर टैक्स में छूट की मांग को लेकर ....

# राज्यसभा सांसद गुर्जर को सौंपा ज्ञापन

**नीमच, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** ओबीसी महासभा के तत्वाधान में मध्य प्रदेश के सभी व्यावसायिक वाहन



चालकों को परिवहन कर में छूट की मांग को लेकर मप्र शासन के परिवहन मंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेने आए नीमच जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर को सोपा। ज्ञापन लेने व पूरे मामले को विस्तार से समझने के बाद सांसद श्री गुर्जर ने कहा कि वे परिवहन मंत्री से इस विषय में तकनीकी विषय पर वार्ता कर इस समस्या के स्थाई निराकरण तथा उच्च स्तरीय परिवहन मंत्रालय के शासन सचिव से भी इस विषय पर बात कर शीघ्र ही समस्या के निराकरण के लिए पत्र लिख कर प्रयास कराया जाएगा। ओबीसी महासभा के उज्जैन संभाग अध्यक्ष देवा गुर्जर ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन के माध्यम से बताया कि सड़कों पर चलने वाले पुराने व्यवसायिक मालभार वाहन टैक्स जमा नहीं होने के अभाव में कबाड़ा के न्युनतम भाव में बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है इसमें कई गरीब तबके के ड्राइवर वर्ग भी जुड़े हुए हैं इन गरीब तबके के ड्राइवरों के रोजगार पर बहुत प्रभाव पड़ रहा है इनको बेरोजगार होने से बचने के लिए मध्य प्रदेश शासन के परिवहन मंत्रालय द्वारा इस टैक्स में छूट प्रदान की जाए तो कई वाहन सड़कों पर चलेंगे और रोजगार की समस्या का भी समाधान हो जाएगा। यदि समय रहते परिवहन मंत्रालय द्वारा इन व्यावसायिक पुराने वाहनों पर टैक्स की छूट प्रदान की गई तो मध्य प्रदेश शासन को करोड़ों रुपए का राजस्व टैक्स का जो नुकसान होने वाला है वह बच जाएगा और सरकार को राजस्व की आय में वृद्धि होगी। मध्य प्रदेश सरकार यदि 10 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को टैक्स में छूट प्रदान करें तो कई ड्राइवर के रोजगार बच जाएंगे और मध्य प्रदेश शासन के टैक्स राजस्व आय में भी वृद्धि होगी। ज्ञापन के माध्यम से मध्य प्रदेश शासन से ओबीसी महासभा द्वारा अनुरोध किया गया है कि शीघ्र ही पुराने कमर्शियल वाहनों में टैक्स पर छूट प्रदान की जाए ताकि सभी गरीब तबको के ड्राइवरों को राहत मिल सके। ज्ञापन की प्रतिलिपि मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता, नीमच मनासा जावेद क्षेत्र के विधायक एवं जिला कलेक्टर को भी कार्यवाही के लिए प्रतिलिपि प्रेषित की गई है।

### दम्पत्ति पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 01 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महिला से मारपीट के मामले में पुलिस ने दम्पत्ति के खिलाफ केस दर्ज किया। लसुड़िया कदमाला निवासी कांताबाई पति जसमल बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि खेत पर जाने के दौरान मिठ्ठूलाल व उसकी पत्नी श्यामबाई ने गाली-गलौज की, मना किया तो मारपीट की व लकड़ियों से मारा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।
















स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in